# ‘संस्कृत भाषा ही नहीं, भारत की आत्मा, ज्ञान की गंगा व सनातनी चेतना की संवाहक है’

## संस्कृत की उत्कृष्ट सेवा के लिए 56 विद्वतजनों का सम्मान



विधानसभा अध्यक्ष देवनानी, शिक्षा मंत्री दिलावर ( बीच में ) ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

- राज्य स्तरीय संस्कृत विद्यतजन सम्मान समारोह अयोजित
- स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर करें देश को मजबूत-दिलावर

**जयपुर/उदयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि संस्कृत सिर्फ भाषा नहीं, भारत की आत्मा, ज्ञान की गंगा और सनातनी चेतना की संवाहक भी है। संस्कृति और संस्कारों का संरक्षण केवल संस्कृत से ही हो सकता है। देवनानी गुरुवार को संस्कृत शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार की ओर से नगर निगम उदयपुर के सुखाड़िया रंगमंच सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय विद्वतजन सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। देवनानी ने कहा कि संस्कृत विश्व की सभी भाषाओं की जननी है। यह मनुष्य के व्यक्तित्व को भीतर से निखारती और पल्लवित करती है। इसमें ऋषियों की अनुभूति और वेदों की वाणी निहित है। हमारी संस्कृति और संस्कारों को बचाना है तो संस्कृत को बचाना अति आवश्यक है। इस बात का संतोष है कि केंद्र और राज्य सरकारें संस्कृत के संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। संस्कृत निदेशालय स्थापित करने वाला राजस्थान प्रथम राज्य है। इससे संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन को बल मिल रहा है। देवनानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पुनः विश्वगुरु बनाने का परिकल्पना के साथ आगे बढ़ रहा है। विश्वगुरु बनाने की क्षमता और सामर्थ्य संस्कृत में निहित है। संस्कृत सिर्फ वेदवाणी ही नहीं, विज्ञान वाणी भी है। यह केवल शास्त्रों की ही भाषा नहीं, एआई की भाषा भी है, अंतरिक्ष विज्ञान की भाषा भी है। राज्य स्तरीय सम्मान समारोह के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुभकामना संदेश प्रेषित किया। संस्कृत शिक्षा संभागीय कार्यालय के उपनिरीक्षक राममोहन शर्मा ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। समारोह में उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, संभागीय आयुक्त सुप्रजा केवलरमानी भी बतौर विशिष्ट अतिथि मंचासीन रही। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष देवनानी, शिक्षा मंत्री दिलावर सहित अन्य अतिथियों ने उदयपुर में प्रस्तावित राजकीय आदर्श वेद विद्यालय के लोगो का अनावरण किया।संस्कृत शिक्षा विभाग की वार्षिक पुस्तिका श्रावणी का भी विमोचन किया गया।

# मुख्यमंत्री ने जिला अध्यक्षों के साथ चर्चा की

**जयपुर।** मुख्यमंत्री आवास पर प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों के साथ चाय पर चर्चा के साथ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने संवाद करते हुए कहा की जिला अध्यक्ष हमारा आंख नाक कान की तरह काम करे मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बताया की संगठन को सरकार के साथ मिलकर जनहित के मुद्दों पर काम करना चाहिए ताकि जनता के मुद्दों का निराकरण किया जा सके।

सभी जन प्रतिनिधियों के प्रवास और कार्यपद्धित का ध्यान रखते हुए रिपोर्ट भी प्रस्तुत करें ताकि और अधिक मजबूती से विकास कार्य किया जा सके। जनप्रतिनिधि और प्रमुख पदाधिकारी व वरिष्ठ जनों के साथ बैठ कर अपने अपने जिला की समस्याओं और चुनौतियों का समाधान करने के लिए व विकास कार्यों के लिए रॉड मैप बनाकर सरकार को अवगत कराये।



राजस्थान सरकार वित्त आयोग के अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी जनपथ स्थित वित्त भवन में औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण किया।

# दो हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** जामडोली थाना पुलिस ने दो हजार रुपए के ईनामी फरार आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ कानोता थाने में गंभीर धारों के पूर्व में प्रकरण दर्ज है। पुलिस उपायुक्त पर्व

- गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ कानोता थाने में पूर्व में दर्ज है प्रकरण

आईपीएस संजीव नैन ने बताया की पूर्व दर्ज प्रकरणों में वांछित चल रहे आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया था। जिसकी मॉनिटरिंग आरपीएस आशाराम चौधरी को सौंपी गई। जिसका सुपरविजन थानाधिकारी सतीश भारद्वाज को दिया गया। विशेष टीम ने तकनीकी साधनों व मुखबिर की सूचना पर फरार चल रहे दो हजार रुपए के ईनामी बदमाश तेजपाल मीणा को गिरफ्तार कर लिया।

# राजस्थान विश्वविद्यालय महिला संघ ने मनाई 50वीं स्वर्ण जयंती

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय महिला संघ (रूवा) ने आज अपने 50 वर्षों के समर्पित कार्यों और नारी स्वाभिमान की अमिट छाप के साथ स्वर्ण जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया। राजस्थान विश्वविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण और संगठनात्मक एकता की भावना को समर्पित कई प्रेरक क्षण देखे गए।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. सैयदा हामिद ने मशहूर शायर अली अहमद जलीली का प्रभावशाली शेर पढ़ा, इस शेर के माध्यम से उन्होंने महिलाओं को सीमाओं से बाहर निकल कर बदलाव के तूफानों का सामना करने का संदेश दिया। उन्होंने शायरी और ग़ज़ल के जरिए मीठी निगाह और समानुभूति की दृष्टि से समाज को देखने की प्रेरणा भी दी। विशिष्ट अतिथि पद्मश्री डॉ. माया टंडन ने रूवा को आशीर्वाद और शुभकामनाएं देते हुए संगठन की उपलब्धियों की सराहना की।




समारोह में शक्ति' स्वर्ण जयंती विशेषांक एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की कार्यवाही का लोकार्पण भी किया ।

कार्यक्रम की अध्यक्ष राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अल्पना कटेजा ने अपने प्रेसिडेंशियल रिमार्क्स में कह "पिछले पचास वर्षों में रूवा ने न केवल महिलाओं के अधिकारों की रक्षा की है, बल्कि उन्हें सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक क्षेत्रों में आगे बढ़ाने का भी काम किया है। यह संगठन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने और समाज में समान स्थान दिलाने की दिशा में लगातार अग्रसर रहा है। रूवा अध्यक्ष डॉ. शशि लता पुरी ने संगठन की 50 वर्षों की यात्रा और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, जबकि पूर्व अध्यक्ष प्रो. लाड़ कुमारी जैन ने इस ऐतिहासिक सफर पर विस्तृत प्रस्तुति दी। साथ ही, ‘शक्ति’ स्वर्ण जयंती विशेषांक एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की कार्यवाही का लोकार्पण भी किया गया।

# ‘विभागों के संवाद नहीं करने से बढ़ रही जनहित याचिकाएं’

- तीस दिन में दी जाए पावती

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने कलेक्टर सहित अन्य सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे किसी भी अभ्यावेदन के प्राप्त होने के तीस दिन के भीतर अभ्यावेदन कर्ता को उसकी पावती प्रदान करें। वहीं यदि अभ्यावेदन प्राप्तकर्ता की ओर से किसी अन्य विभाग से इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार किया जाता है तो उसकी कॉपी भी सात दिन में मुहैया कराई जाए। सीजे केआर श्रीराम और जस्टिस आनंद शर्मा की खंडपीठ ने यह आदेश विश्राम गुर्जर व अन्य की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने आदेश की पालना के लिए मुख्य सचिव को आदेश का कॉपी भेजी है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि न्यायिक आदेश जारी कर सभी जिलों में कलेक्टर की अध्यक्षता में सरकारी भूमि संरक्षण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है और इसका प्रक्रिया तंत्र भी निर्धारित किया गया है। इसके बावजूद भी कई ऐसी जनहित याचिकाएं सुनवाई के लिए आई हैं, अदालत ने कहा कि इस कारण हाईकोर्ट में जनहित याचिकाओं की बाढ़ सी आ गई है।

इन याचिकाओं में विभागों से अभ्यावेदन तय करने की गुहार की जाती है दौसा की बसवा तहसील के ग्राम जैतपुरा में स्थित कुछ भूमि राजस्व रिकॉर्ड में गैर मुमकिन पहाडी के रूप में दर्ज है। इस भूमि पर कुछ प्रभावशाली लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है।

# सहकारी बैंकों में प्रोबेसन में वेतन की बढ़ोतरी की माँग

- सहकारी बैंकों में सीधी भर्ती से नियोजित बैंक कर्मचारियों व अधिकारियों को 2 वर्ष की परिविक्षा अवधि में देय नियत पारिश्रमिक (फिक्स वेतन )में सम्मानजनक बढ़ोतरी किए जाने की माँग का शाशन सचिव व रजिस्ट्रार सहकारिता को दिया ज्ञापन

**जयपुर।** ऑल राजस्थान कोआपरेटिव बैंक एम्प्लाईज यूनियन व ऑल राजस्थान कोआपरेटिव बैंक ऑफ़िसर्स एसोसिएशन के प्रान्तीय महासचिव , सहकार नेता सूरज भान सिंह आमेरा ने प्रदेश के सहकारी बैंकों में सीधी भर्ती से नियोजित बैंक कर्मचारियों व अधिकारियों को 2 वर्ष की परिविक्षा अवधि में देय नियत पारिश्रमिक (फिक्स वेतन )में सम्मानजनक बढ़ोतरी किए जाने की माँग की है । आमेरा ने सहकारी बैंक कर्मियों के नियत पारिश्रमिक में समुचित बढ़ोतरी के लिए सहकारिता मंत्री गौतम दक , प्रमुख शासन सचिव सहकारिता मंजु राजपाल , अपैक्स बैंक प्रबंध निदेशक को यूनियन का ज्ञापन देकर माँग की है ।

हाल ही में प्रदेश के राज्य सहकारी बैंक व 29सीसीबी में बैंकिंग सहायक , प्रबंधक , सीनियर मैनेजर , कंप्यूटर प्रोग्रामर के लिए 449 पदो पर सीधी भर्ती की गई है । 2 वर्ष के प्रोबेशन काल में बैंकिंग सहायक को मात्र 11950रू प्रति माह नियत पारिश्रमिक दिया जा रहा है जो बहुत ही कम है जबकि सहकारी बैंक में बैंकिंग सहायक का प्रारंभिक मूल वेतन 25910- 121740 की श्रृंखला है जिसके अनुसार बैंकिंग सहायक के फिक्स वेतन में सम्माजनक बढ़ोतरी कर उसके अनुरूप अधिकारियों की फिक्स वेतन में भी बढ़ोतरी किया जाना आवश्यक है ।आमेरा ने बताया कि राज्य सरकार के 2 वर्ष प्रोबेशन व नियत पारिश्रमिक के प्रावधान को सहकारी बैंकों में अनुचित रूप से थोपने का भी यूनियन विरोध कर रही है। सहकारी बैंकों में कर्मियों को वेतन भुगतान बैंकों द्वारा स्वयं के आर्थिक साधनों से स्वयं के स्तर से किया जाता है राज्य सरकार पर कोई भार नहीं आता है । देश के अन्य सभी बैंकों में 6माह का प्रोबेशन होता है जिसमें नियमित वेतनमान का भुगतान किया जाता है ।

आमेरा ने चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि सहकारी बैंकों में 2वर्ष का प्रोबेशन उसमें भी अपर्याप्त 11950 रू मात्र फिक्स वेतन के कारण नये कर्मी जॉइनिंग नहीं करते या कमियों में स्थाई ठहराव नहीं रहता जिससे भर्ती का प्रयोजन ही विफल हो जाता है छोड़कर जाने से पद रिक्त ही हो जाते है ।

सहकार नेता आमेरा ने सरकार व सहकारी विभाग से सहकारी बैंकों में अन्य बैंक व राज्य-केंद्र सेवा से नोकरी छोड़कर आए कार्मिक को प्रोबेशन में राज्य सरकार के समान वेतन संरक्षण (पे प्रोटेक्ट ) का प्रावधान लाभ भी लागू किए जाने की माँग की है । इस भर्ती में अन्य सहकारी बैंक , व्यावसायिक बैंक , राज्य केंद्र सेवा व सेना से नोकरी छोड़कर फ़ुल वेतन ले रहे कार्मिक आए है जिनको छोड़कर आए वेतन संरक्षण का लाभ मिलना चाहिए ।

# उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा को ज्ञापन सौंपा



राजस्थान विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं माला भेंट की और एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें यह मांग की गई कि विश्वविद्यालय में चयन समिति द्वारा नियमानुसार प्रोफेसर पद हेतु चयनित शिक्षकों को उनके प्रारंभिक नियुक्ति दिनांक से सेवा की गणना करते हुए प्रोफेसर पद का लाभ दिया जाए। यह आदेश 25 सितंबर 2021 को सिंडिकेट की स्वीकृति के बाद जारी किए गए थे। अध्यक्ष प्रो. बी.डी. रावत ने माननीय मंत्री जी को अवगत कराया कि वर्ष 2018 से राज्य के 2000 से अधिक महाविद्यालयीन शिक्षकों को प्रोफेसर पद की पदोन्नित प्रदान की गई है तथा उन्हें उनके सभी एरियर्स का भुगतान भी कर दिया गया है।

किन्तु उच्चतम न्यायालय के 29 नवंबर 2018 के अंतिम निर्णय के अनुसार केवल 85 शिक्षकों को ही पदस्थापन (फिक्सेशन) और एरियर्स का लाभ प्रदान किया गया है। इन 85 में से 7 प्रोफेसरों का पिछले 5 वर्षों में निधन भी हो चुका है। इस पर डॉ. बैरवा जी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया ।

# चोरों ने सूने मकान से ताला तोड़ चुराई नकदी

**जयपुर।** श्याम नगर थाना इलाके में एक परिवार को घर सूना छोड कर तीर्थ यात्रा पर जाना उस समय भारी पड गया,चोरों ने सूने मकान में घुसकर लाखों रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी चोरी कर ले गए। तीर्थ यात्रा से लौटने के बाद वारदात का पता चलने पर पीड़ित थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि श्याम नगर के कटेवा नगर की रहने वाली चांद देवी (66) ने मामला दर्ज करवाया है कि वह मकान का ताला लगा कर तीर्थ यात्रा पर गई हुई थी। पीछे से बदमाशों ने चोरी की नीयत से सूने मकान का ताला तोड़कर बदमाश अंदर घुसे।

अलमारी-बक्से में रखे लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और हजारों रुपए चोरी कर ले गए। गत दिनों पहले वापस लौटने पर मेन गेट का ताला टूटा मिला और सारा सामान बिखरा मिलने पर चोरी की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने सबूत जुटाए। साथ ही वारदात स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगाला जा रहा है।

## सार-समाचार

### पोस्टर लॉन्च सेरेमनी का आयोजन




**जयपुर।** राजधानी जयपुर में एमआई रोड स्थित पारो क्लब में नेशनल लेवल रनवे शो दी लक्स लीगेसी 2025 सीजन 2 का पोस्टर लॉन्चिंग सेरेमनी और लॉन्चिंग पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फैशन और कला जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। संस्थापक क्षितिज माथुर और अक्षिता माथुर के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाला यह सीज़न जयपुर की फैशन इंडस्ट्री को नई पहचान दिलाने के संकल्प के साथ प्रस्तुत किया जा रहा है। इस फैशन इवेंट के आयोजक क्षितिज माथुर और अक्षिता माथुर ने बताया कि फैशन की दुनिया में नई ऊंचाइयों को छूने और जयपुर को फैशन हब के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से द लक्स लेगेसी शो जयपुर सीज़न 2 एक बार फिर लौट आया है। इस बार आयोजन पहले से कहीं अधिक भव्य, आकर्षक और विशिष्ट होगा। यह इस फैशन इवेंट का दूसरा सीजन हैं।

### प्रदेश के 100 किसान करेंगे नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड का भ्रमण

**जयपुर।** राज्य सरकार किसानों की क्षमता संवर्धन के दृष्टिगत उन्हें कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों में आधुनिक तकनीकों के उपयोग के लिए निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने नॉलेज इनहांसमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत प्रदेश के 100 किसानों के विदेश भ्रमण और प्रशिक्षण की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री शर्मा की इस स्वीकृति से एफपीओ के 100 किसान नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और ब्राजील का भ्रमण करेंगे। इस एक्सपोजर विजिट में किसान नवीनतम तकनीकों एवं नवाचार के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। चयनित किसानों को नवंबर 2025 से मार्च 2026 के मध्य विभिन्न बैचों में 7 दिवसीय भ्रमण कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने किसान कल्याण के लिए अभूतपूर्व निर्णय किए हैं, जिनसे उनका आर्थिक सशक्तीकरण सुनिश्चित हो रहा है। इसी दिशा में नॉलेज इनहांसमेंट प्रोग्राम महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इसके माध्यम से प्रदेश के किसान उन्नत नवीनतम तकनीकों का अध्ययन करेंगे, जिसके उपयोग से वे अपनी फसलों के उत्पादन में वृद्धि कर सकेंगे। साथ ही, किसान उक्त 4 देशों में सफल कृषि सहकारी समितियों के संचालन का भी अध्ययन कर सकेंगे, जो संगठनात्मक संरचना की दृष्टि से एफपीओ के समान ही हैं।

### पेंशन ग्रेच्युटी की मांग को लेकर धरना नौवें दिन भी जारी

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय से सेवानिवृत हुए कर्मचारियों द्वारा पेंशन ग्रेच्युटी एवं अन्य परिलाभ देने की मांग को लेकर दिया जा रहा धरना आज नौवें दिन भी जारी रहा।दुर दराज रहने वाले सेवानिवृत कर्मचारी भी धरना में शामिल हुए। राजस्थान विश्वविद्यालय सेवानिवृत कर्मचारी एसोसिएशन के अध्यक्ष लक्ष्मण सैन ने सुबह वित नियंत्रण एवं वित सलाहकार से वार्ता करने पर वित अधिकारी ने आज शाम तक भुगतान करने का आश्वासन दिया था उसे पुरा नही करने पर आंदोलन तेज करने कि चेतावनी दी है। धरना पर लगातार बैठने वाले सेवानिवृत कर्मचारियों ने कहा है कि जब तक मांगे पुरी नही होगी तब तक धरना जारी रहेगा। धरनास्थल पर ही रक्षाबंधन मनायेंगे।

### विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन

**जयपुर ।** आई इण्डिया संस्था द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह 1 से 7 अगस्त के अन्तर्गत गुरुवार को आई-इण्डिया द्वारा संचालित लाडली व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र, सोडाला में आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।संस्था सचिव चारु गोस्वामी ने स्तनपान संवर्धन कार्यक्रम के बारे में बताया कि स्तनपान मां एवं बच्चे दोनों का अधिकार है। लाडली की निवेशक श्रीमति वर्शना गोस्वामी ने महिलाओं को बताया कि स्तनपान कराने से महिलायें कई बीमारियों से बचती है और प्रसव के बाद होने वाले मोटापे से बचने के लिए स्तनपान कराना चाहिए।

# महिला सुरक्षा हमारी प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

## भजन लाल शर्मा मुख्यमंत्री निवास पर ‘मुख्यमंत्री संग रक्षाबंधन-मीडिया की बहनों का सम्मान’ कार्यक्रम को संबोधित किया

- ‘राजस्थान की शिल्पकार, महिला पत्रकार, देश-प्रदेश को मजबूत करने में महिलाओं का अहम रोल’
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सभी महिला पत्रकारों को राखी की अग्रिम शुभकामनाएं दी

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ मीडिया सरकार एवं जनता के मध्य सेतु की तरह कार्य करता है। ऐसे में हमारी महिला पत्रकार भारत और राजस्थान की शिल्पकार के रूप में बेहतरीन काम कर रही हैं। शर्मा गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर ‘मुख्यमंत्री संग रक्षाबंधन-मीडिया की बहनों का सम्मान’ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने सभी महिला पत्रकारों को राखी की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्यौहार हमारी संस्कृति में भाई-बहन के परस्पर स्नेह का द्योतक है। बहन द्वारा बांधा गया रक्षा सूत्र भाई को सुरक्षा कवच देता है। आपका यह भाई आपकी हर तरीके से सुरक्षा एवं सहयोग के लिए तैयार खड़ा है। उन्होंने कहा कि महिला पत्रकार बड़ी जिम्मेदारी से लोकतंत्र को मजबूत करने का कार्य कर रही हैं। आपकी लेखनी और आपके द्वारा कही गई हर बात समाज में विश्वास पैदा करता है। इस आधी आबादी के सहयोग से ही हम हर लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ प्रदेश की महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गरीब परिवार की महिलाओं को 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर, मा वाउचर योजना के तहत निशुल्क सोनोग्राफी, लाडो प्रोत्साहन योजना, स्कूटी और साइकिल वितरण जैसी योजनाओं एवं नवाचारों से महिलाओं को प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार द्वारा कालिका पेट्रोलिंग यूनिट, तीन महिला बटालियन, 65 एंटी रोमियो स्क्वॉड, पुलिस थानों में महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है।

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी सशक्तीकरण के क्षेत्र में नई उड़ान मिली है। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, लखपति दीदी जैसी योजनाओं से महिलाएं मजबूत हो रही हैं। साथ ही, नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संसद तथा विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा ‘एक पेड़ मां के नाम’, स्वच्छता अभियान जैसे सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों में जनसहभागिता को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने सभी महिलाओं से अपील की कि वे नागरिक कर्तव्यों का पालन करते हुए राज्य एवं केन्द्र सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाने में मदद करें। इस अवसर पर विभिन्न मीडिया संस्थाओं की महिला पत्रकारों ने मुख्यमंत्री को तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांधा। महिला पत्रकारों ने कहा कि यह पहला अवसर है जब हम महिला मीडियाकर्मियों ने मुख्यमंत्री के राखी बांधी है। यह दर्शाता है कि राज्य सरकार महिलाओं के हितों के लिए सजग है। हमारे भाई भजनलाल राजस्थान में महिला सुरक्षा एवं महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए बेहतरीन काम कर रहे हैं।

सरल व्यक्तित्व के धनी शर्मा गरीब, महिला, युवा, किसान के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं। महिला मीडियाकर्मियों ने शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है जिससे समाज में महिलाओं की सुरक्षा बढ़ी है तथा प्रशासन में विश्वास कायम हुआ है। इस दौरान बड़ी संख्या में मीडिया जगत से जुड़ी महिला पत्रकार मौजूद रहीं।

# राजीविका और आर.वी.जे.वी.वी.एस. के बीच एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर




राजीविका की ओर से नेहा वर्मा और आर.वी.जे.वी.वी.एस. की ओर से एस. आर. वी. मूर्ति ने पर हस्ताक्षर किए।

- वनों पर निर्भर समुदायों की आजीविका को मिलेगा संबल

**जयपुर।** राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) और राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता विकास समिति के बीच आज एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह सहयोग वनों पर निर्भर समुदायों की आजीविका को सुदृढ़ करने और उन्हें वैकल्पिक, सतत और विविध आजीविका अवसरों से जोड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

यह समझौता विशेष रूप से राजस्थान फॉरेस्ट एंड बायोडायवर्सिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के अंतर्गत किया गया है, जिसे द्वारा राजस्थान वन विभाग के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। यह परियोजना फ्रांस के सह-वित्तपोषण से वर्ष 2023-24 से 2030-31 तक राजस्थान के 13 जिलों के 800 गांवों में लागू की जा रही है।

परियोजना के तहत 1200 स्वयं सहायता समूहों का गठन व सशक्तिकरण किया जाएगा, जिन्हें आगे ग्राम संगठन व संकुल स्तरीय संगठन के रूप में संगठित किया जाएगा।